दिनांक 24.06.2024 समय 18.30

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- 18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज नव निर्वाचित सांसदों की शपथ के साथ शुरू –प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली।
- प्रधानमंत्री ने कहा– उनकी सरकार देश की सेवा करने और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए निरन्तर प्रयास करेगी।
- केंद्र सरकार ने थोक और खुदरा व्यापारियों के लिए गेंहू के भंडारण की सीमा निर्धारित की।
- राज्य में मानसून पूर्व वर्षा का दौर जारी – कई जिलों में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश ।

18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज नवनिर्वाचित सांसदों के सदन के सदस्य के रूप में शपथ लेने के साथ शुरू हुआ। लोकसभा के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदन के सदस्य के रूप में सबसे पहले शपथ ली। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने श्री मोदी को शपथ दिलाई।

--------------------

इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव तक सदन की कार्यवाही चलाने में श्री महताब की सहायता के लिए नियुक्त अध्यक्ष पैनल को शपथ दिलाई गई। भाजपा सांसद राधा मोहन सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते ने चेयरपर्सन पैनल के सदस्य के रूप में शपथ ली। हालांकि, कांग्रेस सांसद के सुरेश, डीएमके सांसद टी. आर. बालू और टीएमसी के सुदीप बंद्योपाध्याय ने पैनल के सदस्यों के रूप में शपथ नहीं ली। इसके बाद केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, शिवराज सिंह चौहान, नितिन गडकरी, गजेन्द्र सिंह शेखावत, भूपेन्द्र यादव, अर्जुनराम मेघवाल, भागीरथ चौधरी, मनोहर लाल, पीयूष गोयल, जीतनराम मांझी, राजीव रंजन उर्फ लल्लन सिंह, डॉ वीरेंद्र कुमार, किरेन रिजिजू, चिराग पासवान और अन्य सदस्यों ने लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण की।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 18वीं लोकसभा का सत्र विकसित भारत के निर्माण के संकल्प के साथ शुरू हो रहा है। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार देश की सेवा करने और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करेगी।

सत्र से पहले संसद के बाहर मीडिया को जानकारी देते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार चलाने के लिए बहुमत की आवश्यकता होती है लेकिन देश चलाने के लिए आम सहमति अति महत्वपूर्ण है। उनकी सरकार सबको साथ लेकर और संविधान की पवित्रता को बरकरार रखते हुए तेजी से फैसले लेना चाहती है।

--------------------

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद पहली बार लोकसभा सांसदों का शपथ ग्रहण समारोह नए संसद भवन में हो रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद दूसरी बार देश की जनता ने किसी सरकार को लगातार तीसरी बार सेवा करने का अवसर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की जनता विपक्ष से उचित आचरण की आशा करती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विपक्ष लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखने के लिए उनकी उम्मीदों पर खरा उतरेगा। श्री मोदी ने कहा कि देश को एक जिम्मेदार विपक्ष की जरूरत है।

000

कांग्रेस पार्टी ने नीट परीक्षा और पश्चिम बंगाल में हाल की रेल दुर्घटना के साथ–साथ महंगाई के मुद्दे पर सरकार की आलोचना की। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार पर इन मुद्दों पर चुप रहने का आरोप लगाया। संसद के बाहर आज मीडिया से बात करते हुए पार्टी सांसद राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार संविधान को कमजोर कर रही है, इसीलिए संसद सत्र के पहले दिन विपक्षी सांसद अपने हाथ में संविधान की प्रतियां लेकर पहुंचे।

000

आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में तीन नये आपराधिक कानूनों के बारे में जागरुकता लाने के उद्देश्य से श्रृंखला चलायी जा रही है। इसके तहत आज हम इन कानूनों में पीड़ितों के बारे में किये गये प्रावधानों के बारे में बता रहे हैं।

नए आपराधिक कानूनों में पीड़ितों के लिए मुफ्त चिकित्सा उपचार और मुआवजे के अधिकार को सुरक्षित किया गया है। कोई नुकसान होने पर या चोट लगने पर पीड़ित मुआवजा पाने का हकदार होगा। पीड़ितों को जल्द मुआवजा मिलने की दृष्टि से ''पीड़ित'' की परिभाषा को बदला गया है। नए कानूनों के तहत सभी सरकारी और निजी अस्पताल महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले जघन्य और ऐसिड अटैक जैसे अपराधों के मामले में मुफ्त चिकित्सा उपचार करने के लिए बाध्य हैं।

000

----------------

खाद्य सुरक्षा प्रबंधन, जमाखोरी और सट्टेबाजी को रोकने के लिए केंद्र ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के थोक और खुदरा व्यापारियों के लिए गेंहू के भंडारण की सीमा निर्धारित की है। नई दिल्ली में खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव संजीव चौपडा ने कहा कि व्यापारियों और थोक विक्रेताओं के लिए यह सीमा तीन हजार टन होगी। खुदरा विक्रेताओं के प्रत्येक प्रतिष्ठान के लिए दस टन और उनके डिपो के लिए ये सीमा तीन हजार टन होगी। श्री चौपडा ने कहा कि यह सीमा 31 मार्च 2025 तक लागू रहेगी। उन्होंने उन सभी मीडिया रिपोर्ट का खंडन किया जिनमें ये बताया गया था कि देश में गेंहू के भंडार की कमी है।

000

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि राज्य में विद्यार्थियों को निशुल्क एक दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण दिये जाने के लिए पहल करनी होगी। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग और रेडक्रॉस

सोसायटी के समन्वय से प्रदेश में इसे क्रियान्वित किया जाएगा। श्री मिश्र आज राजभवन में रेडक्रॉस सोसायटी की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने राज्य के 33 जिलों के अलावा 17 नए जिलों में रेडक्रॉस सोसायटी का गठन करने के भी निर्देश दिये। श्री मिश्र ने रेडक्रॉस के जरिए अंगदान और देहदान के लिए लोगों को प्रेरित करने और चिकित्सा उपकरणों में सहयोग के लिए जन सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया। इस अवसर पर चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि राज्य सरकार सार्वजनिक सहभागिता से राज्य में मानव कल्याण के साथ स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान के साथ पौधा रोपण, रक्तदान, अंगदान और देहदान के लिए रेडक्रॉस के साथ मिलकर अधिक से अधिक कार्य किए जाएंगे। इस मौके पर राज्यपाल तथा चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री ने इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की राजस्थान शाखा की वेबसाइट का लोकार्पण भी किया।

000

उद्योग राज्य मंत्री के.के. विश्नोई की अध्यक्षता में आज सांचौर में जिला प्रशासन की विभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर श्री विश्नोई ने जिला अधिकारियों से आमजन से जुडे विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए पूरा करने को कहा। वहीं बूंदी में जिला कलक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में आज पानी, बिजली और मौसमी बीमारियों के संबंध में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में ज़िला कलेक्टर ने कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक को खरीफ फसल बीमा योजना 2023 के तहत उड़द फसल खराबे के बीमा दावे के निस्तारण के लिए बीमा कंपनी से समन्वय करने को कहा। कोटपूतली–बहरोड़ ज़िले में अतिरिक्त ज़िला कलेक्टर की अध्यक्ता में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन के काम में तेज़ी लाने के निर्देश दिये तथा अवैध नल कनेक्शनों को हटाने का अभियान चलाने को कहा गया।

000

बूंदी आज अपना 782वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

-------------------

000

प्रदेश में आज दो अलग अलग हादसों में तीन लोगों की मृत्यु हो गई और दो अन्य घायल हो गये। सीकर जिले में रोल साहबसर के पास खड़े डम्पर में पीछे से कार के टक्कर मार देने से कार में सवार दो लोगों की घटनास्थल ही मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गये। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं बारां जिले के खटका गांव खेत में काम करते समय करंट की चपेट में आने से एक युवक की मृत्यु हो गई। केलवाडा पुलिस ने पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया।

000

राज्य में मानसून पूर्व वर्षा का दौर जारी है। बीते चौबीस घंटों में कई जिलों में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई है। आज भी दोपहर बाद अजमेर, दौसा, भरतपुर, धौलपुर, करौली और सवाईमाधोपुर जिलों में कहीं–कहीं तेज हवाओं के साथ कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हुई। मौसम केन्द्र जयपुर ने आज जयपुर, कोटा, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर, बीकानेर तथा जोधपुर संभाग में वर्षा होने की संभावना जताई है। मौसम केन्द्र के अनुसार अगले दो–तीन दिन में प्रदेश में मानसून के प्रवेश के आसार हैं। वहीं बीकानेर, बाड़मेर, बालोतरा, झालावाड और पाली जिले में आज सुबह से ही तेज गर्मी और उमस से आम जनजीवन प्रभावित रहा। जैसलमेर में तेज गर्मी और उमस के कारण बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा।

000

टी–20 क्रिकेट विश्व कप में आज सुपर 8 मुकाबले में भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से सेंट लूसिया में खेला जायेगा। इससे पहले आज सुबह एंटीगुआ में बारिश से प्रभावित एक मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने 8 विकेट पर एक सौ 35 रन बनाये। जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने एक सौ 23 रन के संशोधित लक्ष्य को पांच गेंद शेष रहते हासिल कर लिया।

000